जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2020/1006 दिनांक : 29.09.2020

प्रति,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्व शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय
जीवाजी विवविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

अति आवश्यक

विषयः- **स्नातक पाठ्यक्रम बी0ए0,बी0कॉम0 एवं बी0एससी0, बी0एससी0 होमसाइंस प्रथम एवं द्वितीय वर्ष पूरक परीक्षा द्वितीय अवसर मार्च-2020 नियमित/असंस्थागत छात्रों के असाइनमेंट के अंक विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त पोर्टल पर अपडेट करने वावत्।**

सन्दर्भः- म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग(मंत्रालय) के आदेश क्रमांक एफ 770/2020/38-3 दिनांक 13.08.2020 एवं क्रमांक 811/969/2020/38/शा.-3 दिनांक 26.08.2020।

महोदय/महोदया,

शासन के निर्देशानुसार स्नातक बी0ए0, बी0कॉम0 एवं बी0एससी0, बी0एससी0 होमसाइंस प्रथम एवं द्वितीय वर्ष पूरक परीक्षा मार्च-2020 के छात्रों का परीक्षा परिणााम असाइनमेंट (आंतरिक मूल्यांकन) के आधार पर घोषित किया जाना है।

बी0ए0,बी0कॉम0 एवं बी0एससी0 प्रथम एवं द्वितीय वर्ष पूरक परीक्षा मार्च-2020 नियमित/असंस्थागत के ऐसे परीक्षार्थी जिनको सैद्वांतिक विषयों में अनुपस्थित/अनुत्तीण होने के कारण पूरक की पात्रता है। उन विषयों हेतु नवीन असाइनमेंट के अंक आज दिनांक तक पोर्टल पर अपडेट नहीं किये गये हैं जिसके कारण परीक्षा परिणाम घोषित करने में विलंब हो रहा है।

अतः आपको विदित कराया जाता है कि, बी0ए0, बी0कॉम, बी0एस0सी0, बी0एस0सी होम साइंस प्रथम एवं द्वितीय वर्ष पूरक परीक्षा परीक्षा द्वितीय अवसर मार्च-2020 **नियमित परीक्षार्थियों** के सैद्वांतिक परीक्षा के असाइनमेंट असाइनमेंट के विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त लिंक **www.univexam.org/jiwaji/** पर अपडेट करें तथा **असंस्थागत परीक्षार्थी** के असाइनमेंट के अंक एम0पी0ऑनलाइन पोर्टल पर दिनांक **05.10.2020** तक आवश्यक रूप से अपडेट करें। जिससे परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम समय से घोषित किये जा सकें।

आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के असाइनमेंट के अंक अपडेट करने से शेष न रहें। विश्वविद्यालय द्वारा असाइनमेंट के अंक अपडेट न होने की दशा में छात्र को अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के स्वंय का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में छात्र के आफलाइन असाइनमेंट के अंक मान्य नहीं किये जावेगे। निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. समस्त सम्बद्व महाविद्यालय प्राचार्य/प्राचार्या जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहा. कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. प्रबंधक, माइक्रोनिक इन्फोटेक सर्विसेज प्रा.लि अजमेर, की ओर असाइनमेंट के अंक ऑनलाइन करने हेतु लिंक प्रदान करने संबधी आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
6. श्री संजय बरथरिया एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर आवश्यक रूप से पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

उप/सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)